बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :–17–नि0क्षे0स्था0 (अनुकम्पा नियुक्ति) बेगूसराय–128 / 2017....42....पटना, दिनांक :–06-01-2021

निबंधित
Mail

आदेश

जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला अनुकम्पा समिति, बेगूसराय के पत्रांक–288 दिनांक 05.08.2019, पत्रांक–275 दिनांक 26.06.2020 एवं ज्ञापांक–570 दिनांक 08.06.2019 के क्रमांक–10 पर अंकित अनुशंसा के आलोक में स्व0 जय किशोर तिवारी, भूतपूर्व उच्चवर्गीय लिपिक, बन्दोवस्त कार्यालय, बेगूसराय के आश्रित पुत्र श्री विवेक कुमार को वर्ग–3 समूह–'ग' के निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग, एवं वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा समय–समय पर निर्गत प्रावधानों के अन्तर्गत पी0बी0–1 वेतनमान–5200–20200 ग्रेड पे–1900 तथा सरकार द्वारा समय–समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते के साथ अस्थायी रुप से निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्त किया जाता है।

2. अनुकम्पा पर नियुक्त व्यक्ति पर मृत सरकारी सेवक के सभी आश्रितों के भरण–पोषण का पूर्ण दायित्व होगा।

3. अनुकम्पा पर नियुक्त व्यक्ति द्वारा मृत सरकारी सेवक के आश्रित परिवार के भरण–पोषण में किसी प्रकार की कमी की जाती है, तो परिवाद पत्र प्राप्त होने पर नियुक्ति पदाधिकारी द्वारा कारण पृच्छा प्राप्त कर उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

4. यदि भविष्य में यह पाया गया कि नियोजित व्यक्ति द्वारा गलत तथ्यों अथवा कागजातों के आधार पर नियुक्ति पत्र प्राप्त किया गया है, तो इस संदर्भ में नियोजित व्यक्ति से कारण–पृच्छा प्राप्त करते हुए किसी भी समय इनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

5. पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर असैनिक शल्य चिकित्सक का स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र एवं दहेज नहीं लेने–देने संबंधी घोषणा पत्र के साथ अपना योगदान समाहर्त्ता–सह–बन्दोवस्त पदाधिकारी, बेगूसराय के समक्ष देगें। निर्धारित तिथि तक उपर्युक्त औपचारिकतओं का पालन करते हुए योगदान नहीं करने की स्थिति में इनकी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।

बन्दोवस्त पदाधिकारी, बेगूसराय अपने स्तर से सभी मूल प्रमाण–पत्रों की जाँच एवं सत्यापन की कार्रवाई नियमानुसार सुनिश्चित करेगें।

6/1/21
जय सिंह
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 17– नि0क्षे0स्था0 (अनुकम्प नियुक्ति) बेगूसराय–128 / 2017–....42....... पटना, दिनांक :-06-01-2021

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

E:\Kavita-Y-2020\Karan Sir\Order\128-2017-24-12-2020.doc

ज्ञापांकः– 17–नि0क्षे0स्था0 (अनुकम्प नियुक्ति) बेगूसराय–128 / 2017–......42....... पटना, दिनांक :-06-01-2021

निबंधित

प्रतिलिपि :– श्री विवेक कुमार, पिता–स्व0 जय किशोर तिवारी, ग्राम–बुधनगरा, पो0–आदि गोपालपुर, अंचल–बोचहा, जिला–मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 17–नि0क्षे0स्था0 (अनुकम्प नियुक्ति) बेगूसराय–128 / 2017–......42....... पटना, दिनांक :-06-01-2021

निबंधित

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय / सहायक बन्दोवस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–17– नि0क्षे0स्था0 (अनुकम्प नियुक्ति) बेगूसराय–128 / 2017–......42....... पटना, दिनांक :-06-01-2021

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला अनुकम्पा समिति, बेगूसराय को उनके पत्रांक – 288 दिनांक 05.08.2019, पत्रांक–275 दिनांक 26.06.2020 एवं ज्ञापांक–570 दिनांक 08.06.2019 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
5/1/21